खण्ड 7 संख्या 5

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

## (भाग-1—कार्यवाही प्रश्नोत्तर)

वृहस्पतिवार, तिथि 1 जुलाई, 1982 ई० ।

विषय-सूची ।

पृष्ठ

प्रश्नों के मौखिक उत्तर—

तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या 424,425,426,427,428,429,430,431,432,434,435,436,437,438,439,440,452,469,494 एवं 499 । —27

परिशिष्ट (प्रश्नों के लिखित उत्तर) ... ... 29—78

दैनिक-निबंध— ... ... 78—80

टिप्पणी—किन्हीं मन्त्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है ।

प्रभारी मंत्री, मत्स्य विभाग—मत्स्य निदेशालय, बिहार, पटना, बोरिंग कैनाल रोड में एक किराये के मकान में चलाया जा रहा है, जिसका किराया 1,200 रुपया प्रति माह है। सरकारी भवन अनुपलब्ध होने की स्थिति में किराये की उक्त राशि का व्यय किया जा रहा है। जैसे ही सचिवालय भवन में मत्स्य निदेशालय हेतु जगह लोक कार्य विभाग द्वारा आवंटित किया जायेगा इसे सचिवालय में ले जाया जायेगा। लोक-निर्माण विभाग से जगह उपलब्ध कराने हेतु कई बार अनुरोध किया जा चुका है और अब भी प्रयास जारी है।

---

रोड का पक्कीकरण।

560. श्री गौरी शंकर पाण्डेय—क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण के मंझौलिया से महनार सड़क के पक्कीकरण करने के लिए राज्य मार्केट बोर्ड की अनुशंसा पर बेतिया, पी० डब्ल्यू० डी० विभाग ने 1977 में उक्त सड़क पर मिट्टी तथा सोलिंग का कार्य पूरा कर दिया है;

(2) क्या यह बात सही है कि बेतिया मार्केट समिति द्वारा पेमेन्ट नहीं करने के कारण निर्माण कार्य ठप्प हो गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कब तक उक्त रोड का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

श्री रमेश झा—उत्तर अंशतः स्वीकारात्मक है। लोक-निर्माण विभाग द्वारा निर्माण कार्य 26 दिसम्बर, 1978 को आरम्भ किया गया था और 1979 में सड़क पर मिट्टी तथा सोलिंग का कार्य प्रायः पूरा कर लिया गया था।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(3) कृषि विपणन पर्षद् द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि चालू वित्तीय वर्ष (1982-83) में इस सड़क के पक्कीकरण का कार्य कराया जायेगा।

---